# 2019

( 4th Semester )

## HINDI

( Modern Indian Language )

Paper : Hin (MIL)–401

*Full Marks* : 70 *Pass Marks* : 45%

*Time* : 3 hours

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 45 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 9×2=18

(क) बहुरूपिया नम्रता से बोला—"सेठजी, यह बात मेरे मन में भी आयी। उस समय सारी संपत्ति लेकर आज मैं कहीं-का-कहीं जा सकता था। फिर मेरे मन ने कहा कि यह गलत है। मैं संसार त्यागी महात्मा का रूप धारण किए हुए हूँ अगर ऐसा काम करूँगा तो रूप में खोट आ जाएगा। रूप को सच्चा रखने के लिए यह उचित है कि मैं इस

संपत्ति को त्याग दूँ। सो सच्चे महात्मा की तरह मैंने उसे त्याग दिया तो लगा कि अब मेरा काम पूरा हो गया। अब आप जो इनाम मुझे देंगे, खुशी से ले लूँगा।''

**अथवा**

लज्जा! उस पापी को लज्जा!! —भीमसेन! ऐसी अनहोनी बात की तुमने कल्पना भी कैसे की। जो अपने सगे-संबंधियों को गाजर-मूली की भाँति कटवा सकता है, जो अपने भाइयों को जीवित जलवा देने में भी नहीं हिचकता, जो अपनी भाभी को भरी सभा में अपमानित कराने में आनंद ले सकता है, उसका लज्जा से क्या परिचय!

(ख) मुगलों ने उमड़ते हुए यौवन में, प्रेम के प्रवाह में एक चमक देखी और उसी से संतुष्ट हो गए। दर्शकों को भी सम्यक् प्रकारेण बताने के लिए तथा उस अंधकार को क्षणभर के लिए मिटाने के हेतु गंधक जलाकर आज भी ज्योति की जाती है। मुगलों के समान दर्शक भी उन काँच के टुकड़ों में एक बार अपना प्रतिबिम्ब देखकर समझते हैं कि उन्होंने संपूर्ण दृश्य देख लिया।

**अथवा**

पेट-पीठ दोनों मिलकर हैं एक,
चल रहा लकुटिया टेक,
मुट्ठी-भर दाने को—भूख मिटाने को,
मुँह फटी-पुरानी झोली को
फैलाता—
दो टूक कलेजे के करता,
पछताता पथ पर आता।

2. 'त्यौहार' कहानी के आधार पर अम्मा का चरित्र-चित्रण कीजिए। 9

**अथवा**

'महाभारत की एक साँझ' एकांकी की विषय-वस्तु क्या है? लिखिए।

3. 'तोड़ती पत्थर' कविता में कवि निराला की भावनाओं को स्पष्ट कीजिए। 9

**अथवा**

'न खड़े होने का दर्द' निबंध का प्रतिपाद्य क्या है? उसे लिखिए।

4. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर सुन्दर निबंध लिखिए : 9

(क) राष्ट्रभाषा हिन्दी की समस्या

(ख) मेरे जीवन का लक्ष्य

(ग) आतंकवाद

**अथवा**

किसी प्रतिष्ठित दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखकर समाचार-पत्रों में प्रदर्शित अश्लील विज्ञापनों की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।

**अथवा**

आप अपने नगर के उच्च पुलिस अधिकारी को पत्र लिखकर बताइए कि आपके क्षेत्र में आए दिन चोरी-डकैती काफी अधिक हो रही है।

* * *

**2019**

( 4th Semester )

# HINDI

( Modern Indian Language )

Paper : HIN (MIL)–401

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 25 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

## SECTION—I

( *Marks* : 5 )

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए : 1×5=5

1. "जिनके मुंह पर मक्खी नहीं उड़ती उनके चुनाव में झंडे उड़ते हैं।" यह पंक्ति कहाँ से ली गई है?

   (क) न खड़े होने का दर्द ( )

   (ख) अवशेष ( )

   (ग) रज़िया ( )

2. ''ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।'' यह पंक्ति किस कविता से ली गई है?

(क) तोड़ती पत्थर ( )

(ख) टूटा पहिया ( )

(ग) भिक्षुक ( )

3. 'औरंगज़ेब की आखिरी रात' एकांकी के एकांकीकार कौन हैं?

(क) जगदीश चंद्र माथुर ( )

(ख) मोहन राकेश ( )

(ग) रामकुमार वर्मा ( )

4. निम्नलिखित कहानियों में से कौन-सी कहानी 'ढोल' कहानी-संग्रह से ली गई है?

(क) पुरस्कार ( )

(ख) कलाकार ( )

(ग) वापसी ( )

5. ''अरे पापी! यदि प्राणों का इतना मोह था तो फिर यह महाभारत क्यों मचाया?'' यह किसका कथन है?

(क) युधिष्ठिर ( )

(ख) भीम ( )

(ग) संजय ( )

SECTION—II

( *Marks* : 15 )

निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 3×5=15

1. 'कलाकार' कहानी का उद्देश्य क्या है?

**2.** जनता के प्रति निबंधकार शरद जोशी की भावना क्या है?

**3.** लाल-लाल किले में मोती मस्जिद, खास महल आदि श्वेत भव्य भवनों को देखकर निबंधकार को क्या प्रतीत होता है?

4. 'अवशेष' निबंध में निहित निबंधकार के विचार क्या हैं?

5. 'महाभारत की एक सांझ' के युधिष्ठिर के संबंध में लिखिए।

5. 'महाभारत की एक सांझ' के युधिष्ठिर के संबंध में लिखिए।

## SECTION—III

( *Marks* : 5 )

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+3=5

1. 'शृंगार रस' अथवा 'भक्ति रस' अथवा 'वीर रस' की परिभाषा लिखकर एक उदाहरण दीजिए।

**2.** 'उपमा' अथवा 'उत्प्रेक्षा' अलंकार की उदाहरण सहित परिभाषा लिखिए।

* * *